# यूपी की ये तीन टाउनशिप होंगी कुछ खास

■ शैलेंद्र श्रीवास्तव


लखनऊ। राज्य सरकार यूपी के तीन शहरों दो धार्मिक नगरीय अयोध्या व वाराणसी और लखनऊ में ऐसी टाउनशिप योजना लांच करने जा रही है, जो देशभर के लोगों को आकर्षित करेगी। प्रदेश की राजधानी में एजुकेशन सिटी, वेलनेस सिटी और नया आईटी सिटी शहर बसाया जाएगा। इसका मकसद इन शहरों में लोगों को सुविधाओं वाली आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही रोजगार के नए द्वार खोलना है।

**एनसीआर से हटकर नया हब बनाने की तैयारी:** राज्य सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से हट कर प्रदेश के अन्य हिस्सों को आवासीय, व्यवसायिक और

- अयोध्या में दीपावली पर लांच की जाएगी टाउनशिप योजना
- लखनऊ में एजुकेशन व आईटी सिटी योजना की होगी शुरुआत

शैक्षिक दृष्टकोण से नया हब बनाना चाहती है। इसीलिए लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी जैसे शहरों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इसीलिए धार्मिक नगरी वाराणसी और अयोध्या के साथ ही प्रदेश की राजधानी को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है।

**बंगलुरू की तर्ज पर नया आईटी सिटी:** लखनऊ में बंगलुरू की तर्ज पर नया आईटी सिटी बसाने की योजना है। इसका मकसद देश की नामी-गिरामी आईटी कंपनियों को यहां लाना और प्रदेश के हुनरमंद युवाओं को यहीं पर रोजगार उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण को एजुकेशन सिटी, वेलनेस सिटी और आईटी सिटी के लिए जल्द ही प्रस्ताव तैयार कराने का निर्देश दिया है।



## कहां क्या योजना

- वाराणसी में वर्ल्ड सिटी एक्सपो, काशीद्वार, वरुणा विहार योजना और वैदिक सिटी योजना
- अयोध्या में 3000 करोड़ की लागत से 1407 एकड़ में आएगी आवासीय योजना
- फंडिंग के लिए केंद्रीय आवासन और शहरी मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा गया
- लखनऊ में एजुकेशन सिटी, वेलनेस सिटी व आईटी सिटी के लिए जमीन की व्यवस्था शुरू